# WA में वृद्ध लोगों को सशक्त बनाना

## Advocare सेवाओं के लिए एक मार्गदर्शिका

Advocare वृद्ध लोगों के अधिकारों और बुज़ुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार संबंधित मुद्दों पर बात करने की अगुआई करता है। हमारी सेवाएँ निःशुल्क, गोपनीय और निष्पक्ष हैं।



### पक्षसमर्थन (एडवोकेसी)

- क्या आप राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) द्वारा वित्त पोषित वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्राप्त कर रहे/ही हैं?
- क्या किसी वृद्ध देखभाल सेवा प्रदाता के साथ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और आपकी बात सुनी नहीं जा रही है?
- क्या आपको वृद्ध देखभाल प्रणाली (एज्ड केयर सिस्टम) को समझने में सहायता की आवश्यकता है?

अधिवक्ता एक स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यक्ति होता है जो आपको अपने लिए बोलने में, या आपकी ओर से बोल कर सहायता कर सकता है।

अधिवक्ता निम्नलिखित द्वारा सहायता कर सकते हैं:

- आपके वृद्ध देखभाल अधिकारों की नवीनतम जानकारी से आपको सशक्त बना कर
- वृद्ध देखभाल प्रणाली को समझने में आपकी सहायता कर के
- आपके प्रदाता के साथ आपके किसी मुद्दे पर समाधान प्राप्त करने में सहायता कर के।

कोई आपकी बात सुने और आपको समझे, इसके लिए किसी वकील से बात करने के लिए हमें फ़ोन करें।

**हमसे संपर्क करें: 1800 655 566**
**rights@advocare.org.au**

### शिक्षण

- क्या आप किसी वृद्ध देखभाल गृह (एज्ड केयर होम) मेंरह रहे/ही हैं या घरेलू वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्राप्त कर रहे/ही हैं और प्रदाता के दायित्वों को जानने के इच्छुक हैं?
- क्या आप किसी ऐसे समुदाय या स्वास्थ्य संगठन को जानते हैं जो वृद्ध लोगों के अधिकारों के बारे में अधिक जानना चाहता है?

अनुभवी अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए, इन निःशुल्क, इंटरेक्टिव शिक्षा सत्रों का उद्देश्य होता है:

- वृद्ध लोगों के अधिकारों के बारे में अधिक जागरूकता फैलाना
- इस बारे में जानकारी साझा करना कि बुज़ुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को कैसे पहचानना है और उस पर कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए,
- आवासीय वृद्ध और घरेलू देखभाल प्रदाताओं के आपके प्रति दायित्वों के बारे में आपकी समझ बढ़ाना
- वृद्ध देखभाल के कर्मचारियों को जागरूक रहने में और उनके ग्राहकों के अधिकारों का पक्ष-समर्थन करने में सहायता करना।

**हमसे संपर्क करें: 1800 655 566**
**education@advocare.org.au**

### WA के बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार संबंधी सहायता लाइन (WA एल्डर एब्यूज़ हेल्पलाइन)

- क्या आप चिंतित हैं कि आप या आपका कोई परिचित, बुज़ुर्गों के साथ होने वाले किसी प्रकार के दुर्व्यवहार का सामना कर रहा है?
- क्या आप जानते हैं कि अपनी सुरक्षा या दूसरों की सहायता के लिए क्या कदम उठाने चाहिए?

WA एल्डर एब्यूज़ हेल्पलाइन एक निःशुल्क और गोपनीय फ़ोन जानकारी सेवा है जिससे लोग बुज़ुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में प्रारंभिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

बुज़ुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की पहचान करने में सहायता के लिए अधिवक्ता जानकारी प्रदान कर सकते हैं और फिर कुछ विकल्पों के बारे में बातचीत कर सकते हैं जिन्हें तलाशने में शायद आप सहज महसूस कर सकें।

कृपया ध्यान दें, यह कोई रिपोर्ट करने की लाइन नहीं है। वृद्ध व्यक्ति के पास कोई भी कार्रवाई करने का अधिकार और विकल्प उपलब्ध है, जैसे कि पुलिस को इसकी रिपोर्ट करना।

**हमसे संपर्क करें: 1300 724 679 पर सोम से शुक्रवार, सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक**

### ये सेवाएँ राज्य भर में उपलब्ध है

Advocare

फ़ोन: 08 9479 7566
ऑस्ट्रेलिया में इस नम्बर पर फ़ोन करें: 1800 655 566
WA एल्डर एब्यूज़ हेल्पलाइन: 1300 724 679

rights@advocare.org.au

www.advocare.org.au

## वृद्ध देखभाल स्वयंसेवी आगंतुक योजना (एज्ड केयर वॉलन्टियर विज़िटर्स स्कीम)

- क्या आप वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्राप्त कर रहे हैं या प्रतीक्षा सूची में हैं?
- अकेलापन, अलग-थलग महसूस कर रहे हैं और किसी का साथ चाहते हैं?
- स्वयंसेवा (वालन्टीयर) करना चाह रहे हैं?

यह कार्यक्रम सकारात्मक जुड़ाव, दोस्ती और साथ की भावना के माध्यम से आपके जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक संबंधों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

हमारे स्नेहशील स्वयंसेवक आपके घर या एज्ड केयर होम में आपसे मिलने आ सकते हैं।

यदि आप रुचि रखते हैं कि आपसे कोई मिलने आए या स्वेच्छा से कोई काम करना चाहते/ती हैं तो हमें संपर्क करें।

यह सेवा पर्थ महानगरीय क्षेत्र और दक्षिण पश्चिम (साउथ वेस्ट) क्षेत्र में कार्यरत है।

**हमसे संपर्क करें: 08 9479 7566**
**volunteer@advocare.org.au**

## देखभाल खोजक सेवा (केयर फ़ाईन्डर सर्विस)

- क्या आप वृद्ध देखभाल सेवाओं की सुलभता चाहते हैं, लेकिन सुनिश्चित नहीं हैं कि कहाँ से शुरू करें?
- क्या इन सेवाओं को स्थापित करने और प्राप्त करने में सहायता की आवश्यकता है?

यह सेवा उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिनकी सहायता करने वाला कोई नहीं है और:

- जो सामाजिक या आर्थिक रूप से किसी प्रतिकूल परिस्थिति में हैं
- जिनको बातचीत करने संबंधी समस्याएँ हैं
- जिन्हें जानकारी को समझने और निर्णय लेने में कठिनाई होती है
- वृद्ध देखभाल या सरकार के साथ जुड़ने में अनिच्छुक हैं।

यह सेवा Perth महानगरीय क्षेत्र और दक्षिण पश्चिम और Wheatbelt क्षेत्रों में कार्यरत है।

**हमसे संपर्क करें: 08 9479 7566**
**carefinders@advocare.org.au**

## होम केयर चेक-इन सेवा

- क्या आप कमज़ोर तबके के किसी वृद्ध व्यक्ति के बारे में चिंतित हैं जो घर पर अकेले रह रहा है?

यह सेवा वृद्ध लोगों के लिए है जो शायद इनमें से एक या अधिक कारकों का अनुभव कर रहे हैं:

- शोक या किसी को खो देने का अनुभव कर रहे हों
- जिनका कोई परिवार या दोस्त नहीं है जो नियमित रूप से उनकी सलामति का ध्यान रखता है
- बोलचाल में संघर्ष करते हैं
- चलने-फिरने में समस्याएँ हैं
- गाड़ी चलाने की क्षमता खो चुके हैं।

हमारे सामुदायिक सहायता अधिवक्ता (कम्यूनिटी सपोर्ट एडवोकेट्स) नियमित 'चेक-इन' करते हैं और अतिरिक्त सहायता का बंदोबस्त करने में मदद कर सकते हैं। यदि आप किसी वृद्ध व्यक्ति को जानते हैं और उनके कल्याण के बारे में चिंतित हैं, तो कृपया हमारे अधिवक्ताओं से 1800 655 566 पर संपर्क करें।

यह सेवा Perth महानगरीय क्षेत्र और दक्षिण पश्चिम में कार्यरत है, लेकिन यह केवल रेफ़रल द्वारा मिलती है, जैसे सेवा प्रदाता या वृद्ध देखभाल मूल्यांकन टीम (एज्ड केयर असेसमेंट टीम) (ACAT) के रेफ़रल से।

**हमसे संपर्क करें: 08 9479 7566**
**hcci@advocare.org.au**

ADV01_Mar24_ServiceGuide_FL2_Hindi_हिन्दी

